Bal Bharati PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

बाल सभा गतिविधि (2024-25)

"दोहा गायन " (हिन्दी दिवस)

अंतर्वर्गीय गतिविधि

(प्रारम्भिक एवं निर्णायक चक्र)

तिथि – 11 सितम्बर 2024 (प्रारम्भिक चक्र)
17-सितम्बर-2024 (निर्णायक चक्र)

कक्षा – IV और V

विषय – कबीर के दोहों का सस्वर शुद्ध हिंदी भाषा में "दोहा गायन"

समय सीमा- 1 मिनट (प्रारम्भिक चक्र)
3 मिनट (निर्णायक चक्र)

गतिविधि स्थल : कक्षा कक्ष (प्रथम चक्र हेतु)
: जूनियर पुस्तकालय (निर्णायक चक्र हेतु)

माध्यम - हिंदी

"सरलता है, सबलता है, सहज संस्कार हैं हिंदी, है माँ की गोद और पिता का प्यार है हिंदी,
कभी मीरा कभी कबीर कभी रसखान है हिंदी, हमारी संस्कृति साहित्य की पहचान है हिंदी"

नियम–

- सभी विद्यार्थियों का भाग लेना अनिवार्य है ।
- प्रथम चक्र हेतु 11 सितम्बर 2024 को कक्षा अध्यापिका द्वारा छात्रों से कबीर के दोहों का सस्वर शुद्ध भाषा में वाचन करवाया जाएगा ।
- प्राथमिक चक्र हेतु सभी विद्यार्थी कबीर के दोहों में से अपनी पसन्द के 2 दोहों का सस्वर व शुद्ध भाषा में वाचन करेंगें ।
- प्रथम चक्र द्वारा प्रत्येक कक्षा वर्ग से दो विद्यार्थी चुने जाएंगें प्रथम चक्र में चयनित विद्यार्थियों की सूची विवरण के साथ कक्षा अध्यापिका गतिविधि का रिकॉर्ड कक्षा नामावली (नॉमिनल रोल) पर रखेगी और डी वर्ग की कक्षा अध्यापिका को 13 सितंबर 2024 तक सौंपेगी ।
- कक्षा डी वर्ग की अध्यापिका नॉमिनल रोल प्रभारी शिक्षिका को सौंपेगी ।
- प्रारंभिक चक्र हेतु प्रतिभागी के चयन के लिए कक्षा अध्यापिका का निर्णय ही सर्वमान्य होगा ।
- कक्षा अध्यापिका द्वारा चयनित प्रतिभागी को निर्णायक चक्र हेतु 17 सितंबर 2024 को विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा ।
- निर्णायक चक्र हेतु चयनित प्रतिभागी को अपनी प्रस्तुति के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा जिसमें कबीर के 2 दोहों का सार / व्याख्या सहित सस्वर शुद्ध भाषा में वाचन करेंगें ।
- विद्यार्थी विद्यालय की पोशाक में उपस्थित होंगे ।
- निर्णायक चक्र हेतु प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर छात्रों का चयन किया जाएगा ।

मूल्यांकन बिन्दु -

आत्मविश्वास	उच्चारण और स्पष्टता
स्वर और ताल	दोहों का चयन

प्रभारी शिक्षिका :
श्रीमती रीना रानी

पर्यवेक्षक:
श्रीमती विनया पुजारी
प्रधानाध्यापिका (प्राथमिक विभाग)